हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 16 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

10 सशिमं में वंदे मातरम् की वर्षगांठ मनी


12 तुरतुरिया पर्यटन स्थल होगा पॉलीथिन और ...




## खबर संक्षेप

### नगर में नवधा रामायण समारोह आज से

**भाटापारा।** इस वर्ष भी हथनीपारा वार्ड नवधा रामायण मंडप में नौ दिवसीय श्री अखण्ड नवधा रामायण समारोह का आयोजन 16 से 25 जनवरी तक रखा गया है। इस अवसर पर कार्यक्रम में 18 को रामजानकी विवाह, 23 बसंत पंचमी उत्सव, 24 राज तिलक उत्सव एवं 25 जनवरी को पूर्णाहुति एवं शोभायात्रा शाम 4 बजे मंडप से निकाली जायेगी। समिति द्वारा बाहर से आये मानस मण्डलियों को 551 रुपए सम्मान राशि प्रदान की जायेगी। श्रद्धालु भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की गई है।

### मड़ई कार्यक्रम के दौरान मारपीट

**महासमुंद।** मड़ई कार्यक्रम के दौरान कुछ लोगों ने मिलकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। पुलिस को अछोली के प्रेमचंद उर्फ हेमलाल ने बताया कि 14 जनवरी को गांव में मड़ई मेला का कार्यक्रम था। जिसके लिए रात्रि 12 बजे का समय निर्धारित था। जब कार्यक्रम तय समय में चालू नहीं हुआ तब रात्रि करीबन 12.30 बजे प्रार्थी ने आयोजकों को कहा कि कार्यक्रम में लेट क्यों कर रहे हो, तभी गांव के संतराम उर्फ भेखराम साहू, राहुल साहू, झम्मन साहू ने एक राय होकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का तथा धारदार हथियार से मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### ओडिशा निर्मित शराब बेच रहा आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** ओडिशा निर्मित शराब बेचने के आरोप में बसना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 15 जनवरी को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति जटाकन्हार जाने के रोड महुआ पेड़ के नीचे अवैध रूप से ओडिशा निर्मित चिड़ी छाप महुआ शराब बिक्री के लिए रखकर ग्राहक का इंतजार कर रहा है। इसके बाद पुलिस टीम ग्राम जटाकन्हार पहुंची जहां एक संदेही ने पूछताछ में अपना नाम अजय नंद पिता सकीर्तन नंद (35) जटाकन्हार होना बताया। पुलिस ने संदेही के कब्जे 80 पाउच ओडिशा निर्मित चिड़ी छाप महुआ शराब कीमत 2400 रुपए को बरामद किया।

### रेत फैलाने से मना करने पर पिता-पुत्र से मारपीट

**महासमुंद।** मंदिर की मरम्मत के लिए मंगाए गए रेत को फैलाने से मना करने पर एक व्यक्ति ने पिता-पुत्र के साथ मारपीट कर दी। पिथौरा पुलिस को महेश राम ग्राम ग्राम डुमरपाली ने बताया कि घर के सामने के मंदिर की मरम्मत के लिए मंगाया गया रेत रखा हुआ था। 14 जनवरी को करीबन 01 बजे गांव का प्रेमशंकर बरिहा आया और रेत को फैलाने लगा, जिस पर प्रार्थी के पिता अतिबल ने मना किया, जिस पर आरोपी गाली गौज करने लगा।

# कायाकल्प पुरस्कार में जिला अस्पताल को प्रदेश में मिला दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रदेश में कायाकल्प-स्वच्छ अस्पताल योजना 2024-25 के परिणाम ज़ारी हुए हैं, जिसमें जिला अस्पताल सहित 4 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 18 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 66 स्वास्थ्य केंद्र तथा एक शहरी स्वास्थ्य केंद्र को पुरस्कृत किया गया है। इसमें पुरस्कृत स्वास्थ्य संस्थाओं को 70 प्रतिशत से अधिक अंक मूल्यांकन में लाना था। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले के स्वास्थ्य संस्थाओं द्वारा कायाकल्प में पुरस्कृत होने पर सभी को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने आगे भी बेहतर तरीके से काम करते हुए आम जन को सुलभ और सही स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के निर्देश सभी को दिए हैं।

## 94 प्रतिशत अंक मिला, 89 अन्य स्वास्थ्य केंद्र भी हुए पुरस्कृत




### सिमगा, सुहेला, पलारी एवं लवन ने भी कायाकल्प में पुरस्कार पाया

जिला अस्पताल बलौदाबाजार 94 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में द्वितीय स्थान पर है जबकि जिला अस्पताल सूरजपुर ने 94.9 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिले के 4 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिमगा, सुहेला, पलारी एवं लवन ने भी कायाकल्प में पुरस्कार पाया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र श्रेणी में कटगी को जिले में 99.7 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान मिला में है। ऐसे ही उप स्वास्थ्य केंद्र श्रेणी में जिले में झीपन-एन ने 97.5 प्रतिशत अंक लाकर पहला स्थान प्राप्त किया है जबकि सेल और ठेलकी क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

शहरी स्वास्थ्य केंद्र में भाटापारा से मेहता नगर को पुरस्कृत किया गया है। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश अवस्थी ने बताया कि कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना भारत सरकार द्वारा सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थाओं में स्वच्छता, सफाई और संक्रमण नियंत्रण के उच्च मानकों की स्थापना हेतु शुरू की गई पहल है। इसमें स्वास्थ्य सुविधाओं का आंतरिक मूल्यांकन होता है जो उन्हें और बेहतर बनने के लिए प्रोत्साहित करती है। इसके माध्यम से अस्पतालों को रोगी अनुकूल बना कर उनमें स्वच्छता को स्थाई प्रथा के रूप में बढ़ावा देना है।

## मोबाइल फोन, एक चारपहिया वाहन एवं उससे संबंधित दस्तावेज जब्त किए

# अमित बघेल के ठिकानों पर छापेमारी समर्थन पत्र सहित कई साक्ष्य जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

दो साल पहले 10 जून को बलौदाबाजार में हुई हिंसा एवं आगजनी की घटना के मामले में गिरफ्तार जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी प्रमुख अमित बघेल के खिलाफ पुलिस जांच लगातार आगे बढ़ रही है।

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उनके ठिकानों पर छापेमारी की। पुलिस ने बुधवार देर रात अमित बघेल के ठिकाने से एक पत्र की कॉपी जब्त की है, जिसमें बलौदाबाजार आंदोलन को समर्थन देने की बात लिखी गई थी। इस मामले में पुलिस ने उस टाइपिस्ट को भी चिन्हित किया है, जिसने उक्त पत्र टाइप किया था। पुलिस टाइपिस्ट को गवाह के रूप में न्यायालय में प्रस्तुत करेगी।

गिरफ्तारी के बाद देर रात बलौदाबाजार पुलिस अमित बघेल को लेकर रायपुर पहुंची थी। जहां उनके निवास स्थल कंचनगंगा फेज-2 में छापेमारी की गई। इस दौरान पुलिस ने अमित बघेल का मोबाइल फोन, एक चारपहिया वाहन एवं उससे संबंधित दस्तावेज जब्त किए।

इसके पश्चात पुलिस टीम रायपुर स्थित मैग्नेटो मॉल में मौजूद उनके कार्यालय पहुंची, जहां से घटना से जुड़े कई अहम दस्तावेज बरामद किए गए। पुलिस अधिकारियों के अनुसार जब्त मोबाइल फोन और दस्तावेजों की तकनीकी एवं दस्तावेजी जांच की जा रही है।

प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर हिंसा मामले में शामिल अन्य लोगों की पहचान की जा रही है। साक्ष्य एकत्र करने के बाद पुलिस अमित बघेल को वापस बलौदाबाजार लेकर आई। फिलहाल उन्हें पुलिस लाइन के आजाक थाना स्थित कंट्रोल रूम में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रखा गया है। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे भी जांच जारी रहेगी और आवश्यकतानुसार अन्य कार्रवाई की जाएगी।



### परिवार वालों की आंखें हुई नम

अचानक अमित बघेल को अपने बीच पाकर परिवार के लोग भावुक हो उठे। परिवारजनों ने बघेल से गले मिलकर हालचाल जाना और अपने बड़ों का आशीर्वाद भी लिया। इस दौरान सभी की आंखें नम हो गईं।

# कस्टम मिलिंग में अनियमितता, कविता राइस इंडस्ट्रीज सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कस्टम मिलिंग में अनियमितता पर जिला प्रशासन द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए गुरुवार को हथबंद स्थित मेसर्स कविता राइस इंडस्ट्रीज को तहसीलदार सिमगा एवं सहायक खाद्य अधिकारी द्वारा विधिवत सील किया गया। कुछ दिन पूर्व ही उक्त राइस मिल संचालक पर इसी मामले में एफआईआर भी दर्ज कराई गई है।

■ जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कविता राइस इंडस्ट्रीज हथबंद का भौतिक सत्यापन के दौरान 2372.64 क्विंटल धान कम पाए जाने पर कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 के तहत 5403.6 क्विंटल धान व 3362.5 क्विंटल चावल जब्त किया गया है। गुरुवार को प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई करते हुए राइस मिल को सिलबंद भी किया गया।



जिला प्रशासन धान खरीदी कार्य पारदर्शी एवं सुचारु रूप से संचालित हो एवं अवैध धान समिति पर न खपा पाए इसको दृष्टिगत रखते हुए जिले के सभी राइस मिलों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। सत्यापन के दौरान किसी प्रकार की अनियमितता पर सबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

# पिपराही में हुआ हिंदू सम्मेलन, एकजुटता और सामाजिक समरसता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्राम पिपराही में सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में एक विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पिपराही, सेमहराडीह, सरकीपार और कर्मनडीह के ग्रामीणों द्वारा निकाली गई भव्य कलश कीर्तन यात्रा से हुई, जो जयकारों के साथ गुरुघासी दास चौक पहुंची।

सभा स्थल पर सर्व समाज ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि और भारत माता सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष टेसूलाल धुरंधर ने कहा कि जात-पात के भेदों को भुलाकर एकजुट होना समय की मांग है। उन्होंने हिंदुत्व को एक वट वृक्ष और जीवन पद्धति बताया।





जिला कार्यवाह शालीन साहू ने विभिन्न समाजों (संवरा, उत्कल आदि) के गौरवशाली इतिहास को रेखांकित करते हुए कहा कि संत रविदास और गुरु घासीदास बाबा का चिंतन भारतीय मूल चिंतन का ही हिस्सा है। ▶▶ शेष पेज 08 पर

# कलेक्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जपं में अधिकारी कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर 14 जनवरी को अपरान्ह 4.30 बजे जनपद पंचायत सिमगा अंतर्गत वीबी जी राम जी एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता दीपक सोनी, कलेक्टर द्वारा की गई। इस अवसर पर दिव्या अग्रवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बलौदाबाजार विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बैठक में जनपद पंचायत सिमगा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सी.पी. मनहर, कार्यक्रम अधिकारी वीसी जीरामजी अमित कुमार वैद्य, पीएम एवाईजी बीसी युगल वर्मा, जनपद के कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी सहायक, रोजगार ▶▶ शेष पेज 08 पर





### वीबी जी राम जी योजना की नई व्यवस्था की समीक्षा

वीबी जी राम जी योजना की नई व्यवस्था एवं लक्ष्यों की समीक्षा बैठक में योजना के अंतर्गत नई योजना की विस्तृत जानकारी अनिवार्य लक्ष्यों अब तक की उपलब्धियों तथा नए प्रस्तावित कार्यों की सेक्शनवार समीक्षा की गई। कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक लेबर ओरिएंटेड कार्यों को प्रारंभ कर ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराया जाए तथा स्वीकृत कार्यों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की प्रगति की समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास निर्माण की प्रगति, लंबित प्रकरणों एवं लक्ष्य प्राप्ति की स्थिति की समीक्षा की गई।

## अधिक उम्र से मिट गई है हाथों की रेखा, आधार कार्ड से नहीं खा रही मैच

# राशन के लिए बुजुर्गों को केवाईसी करना हुआ कठिन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

देश में केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा गरीबों और मध्यमवर्गीय परिवारों को इस महंगाई के दौर में उन्हें राहत पहुंचाने के लिये कई सारी योजनायें आरंभ की है। मसलन गैस में सब्सिडी, महतारी वंदन योजना, किसान पोर्टल व राशन कार्ड से निम्न आय वालों को निःशुल्क या एक-दो रुपए किलो में चावल तथा सामान्य राशन कार्ड धारियों को दस रुपए प्रति किलो की दर पर चावल दिया जाता है। इसके लिये यहां के लोग शासन के प्रति कृतज्ञता भी जताते हैं, लेकिन इन योजनाओं के लिये अचानक ही शासन द्वारा हर नागरिकों को केवाईसी करवाने के लिये विवश किया जा रहा है। इससे यहां के सभी नागरिक हलाकान हो रहे हैं।

प्रदेश में कुछ समय पूर्व ही शासन द्वारा समस्त एपीएल व बीपीएल राशन कार्डधारियों के लिए केवाईसी करवाना अनिवार्य कर दिया गया है। इससे यहां का आम नागरिक परेशान व दुःखी है। एक राशन कार्ड में यदि 8 से 10 परिवार के सदस्यों के नाम दर्ज है, जिसमें छोटे-छोटे बच्चे भी शामिल है, तो सभी को राशन दुकानों में उपस्थित होकर इस प्रक्रिया को करना पड़ रहा है। सबसे अहम बात यह है कि शासन ने कुछ वर्षों पूर्व राशन कार्ड में मुखिया के रूप में महिला को प्राथमिकता दी। इस कारण यहां प्रायः सभी राशन कार्डों में महिला मुखिया के ही नाम दर्ज है, जिससे महिलाओं खासकर बुजुर्ग महिलाओं को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

दूसरी सबसे बड़ी बात यह है कि हर राशन कार्डधारी परिवारों में बहुत से ऐसे परिवार है, जिनके परिवार के बुजुर्गों के हाथों की लकीरें ही मिट गई है। ऐसे में उनकी लकीरें उनके पास उपलब्ध आधार कार्ड से मिलान नहीं हो रही है। ऐसी स्थिति में ऐसे परिवार क्या करें? इस बात पर छ.ग.शासन का स्पष्ट आदेश नहीं है।इससे यहां के सैकड़ों परिवार असमंजस की स्थिति में है।

### नहीं मिल रहा राशन

भाटापारा नगर के बजरंगवार्ड, मातादेवालय वार्ड, संत कंवर राम वार्ड, शांतिनगर व इसके आस-पास के क्षेत्र के राशन दुकान के सेल्समैनों ने समय पर केवाईसी करवाने के लिये उपभोक्ताओं को जानकारी नहीं दी। जब यहां के बहुत से राशन कार्डधारियों के कार्ड बंद हो गये, तब यहां के सेल्समैनों ने उन्हें यह बात बतायी। संत कंवर राम वार्ड के वरिष्ठ नागरिक डॉ. चंदीराम ग्वालानी ने उपरोक्त जानकारी देते हुये कहा कि शासन को बुजुर्गों जिनके हाथों का लकीरें मिट गई है को राहत देने के लिये किसी अन्य विकल्पों पर ध्यान देना चाहिये।

# वीरांगना बिलासा माता जयंती समारोह आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

कसडोल विधानसभा के तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत सिरियाडीह के केंवट निषाद समाज द्वारा समाज की आराध्य माता बिलासा दाई केंवटिन का जयंती 16 जनवरी को मनाई जायेगी। यह आयोजन हनुमान मूर्ति चौक सिरियाडीह में चंगोरी परिक्षेत्र के नव मनोनीत पदाधिकारियों एवं गांव के सामाजिक जनों के संयुक्त तत्वावधान में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा होंगे। प्रमुख अतिथि संदीप साहू विधायक कसडोल, धनीराम धीवर अध्यक्षता रामेश्वर कैवर्त्य अध्यक्ष केंद्रीय समिति शिवरीनारायण, गोलू कैवर्त्य नव मनोनीत अध्यक्ष चंगोरी परिक्षेत्र, अति विशिष्ट अतिथि पवन साहू जिला पंचायत उपाध्यक्ष, शांता रिंकू यादव होंगे। कार्यक्रम में चंगोरी परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले केंवट निषाद समाज के स्वजातीयजनों के साथ-साथ 34 परिक्षेत्रों के पदाधिकारियों की उपस्थिति रहेगी। उक्ताशय की जानकारी नव मनोनीत उपाध्यक्ष चंगोरी परिक्षेत्र डॉ. बंशी कैवर्त्य, प्रवक्ता डॉ. रत्थु कैवर्त्य, बसंत कैवर्त्य सहित महिला संगठन सलाहकार निर्मला कैवर्त्य ने दी।



## खबर संक्षेप

### भारतीय थल दिवस मनाया

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारतीय थल सेना दिवस पर ज्ञान गंगा विद्या मंदिर खरोरा में अमर जवान सैनिकों को सलामी दी गई। भारतीय थल सेना दिवस 15 जनवरी के दिन मनाया जाता है। इस दिन भारत देश में भारतीय सेना के शौर्य और समर्पण को याद करते हैं, क्योंकि यह दिन भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ के पदभार संभालने की याद दिलाता है, जो सैनिक ने देश के लिए शहीद हुए हैं, उनको याद करने के लिए भारतीय थल सेना दिवस मनाया जाता है। इस दौरान ज्ञान गंगा विद्या मंदिर के शिक्षक नीलम कोसरे, लता चंद्राकर, माधुरी पटेल, मनीषा चंद्राकर, हीना चंद्राकर, ललिता धीवर, रूक्मणी सारथी, दीपा कुर्रे उपस्थित थे।

### क्रिकेट टीम के लिए चयन ट्रायल कल

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा सभी जिला क्रिकेट संघों के लिए महिलाओं के अंडर-15 और अंडर-19 चयन ट्रायल्स 2026-27 के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिस हेतु जिले की टीम का चयन ट्रायल 17 जनवरी शनिवार प्रातः 9 बजे से मिनी स्टेडियम महासमुंद में आयोजित होगा। ट्रायल्स में भाग लेने के लिए 2026-27 सत्र की जो कट-ऑफ तिथि तय की गई है। उसके अनुसार अंडर-15 : 1 सितंबर 2011 या उसके बाद जन्मे (31 अगस्त 2014 तक) अंडर-19 : 1 सितंबर 2007 या उसके बाद जन्मे खिलाड़ी पात्र होंगे। ट्रायल्स में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है, बिना पंजीकरण के खिलाड़ी ट्रायल्स में भाग नहीं ले सकेंगे पंजीकरण हेतु पिछले 6 वर्षों की मार्कशीट, डिजिटल/मैनुअल जन्म प्रमाण पत्र (क्यूआर कोड के साथ), पीवीसी आधार कार्ड, शामिल होना अनिवार्य किया गया है।

### गुड शेफर्ड स्कूल में मनाया गया भारतीय थल सेना दिवस

**महासमुंद।** गुड शेफर्ड स्कूल परिसर में भारतीय थल सेना दिवस बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रातःकालीन सभा में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भारतीय थल सेना के शौर्य, बलिदान और अनुशासन को नमन किया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई। विद्यालय के उप-प्राचार्य मिताली गुरुंग ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय सेना हमारे देश की सुरक्षा की मजबूत ढाल है। सैनिक कठिन परिस्थितियों में भी देश की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। प्राचार्य एम निवास राव ने विद्यार्थियों से देशभक्ति, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा जैसे गुणों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सैनिकों की वेशभूषा में देशभक्ति गीत, भाषण एवं कविता पाठ प्रस्तुत किए। कुछ विद्यार्थियों ने भारतीय सेना के इतिहास और उपलब्धियों पर अपने विचार रखे। अंत में सभी ने देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। यह आयोजन विद्यार्थियों में देशप्रेम और सैनिकों के प्रति सम्मान की भावना जागृत करने में सफल रहा।

### सनातन संस्कृति और सामाजिक एकता के लिए विशाल हिंदू सम्मेलन आज

**महासमुंद।** शहर के दानवीर भामाशाह बस्ती (कुर्मीपारा) स्थित राम मंदिर परिसर में शुक्रवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में नई ऊर्जा का संचार करना और सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम मंदिर के पुरोहित नारायणदास वैष्णव करेंगे। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रांत सह-कार्यवाह घनश्याम सोनी उपस्थित रहेंगे। आयोजन में संत-महात्माओं का सान्निध्य और आशीर्वाद भी प्राप्त होगा। आयोजन समिति ने हिंदू रक्षा और सामाजिक समानता के संकल्प के साथ सभी सनातनी लोगों को सपरिवार आमंत्रित किया है। कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। समिति का मानना है कि यह सम्मेलन समाज को एकजुट करने और सामुदायिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

**कार्यक्रम : स्कूल में वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर सामूहिक गान हुआ**

# वंदे मातरम् गीत ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान राष्ट्र को एकजुट करने में निभायी अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की रचना की 150वीं वर्षगांठ पर पीएम श्री भरत देवांगन उत्कृष्ट हिन्दी अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों, नृत्य एवं काव्य पाठ के माध्यम से मातृभूमि के प्रति अपने प्रेम और सम्मान को अभिव्यक्त किया। देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियों ने समूचे वातावरण को राष्ट्र प्रेम से सराबोर कर दिया। साथ ही साथ वंदे मातरम् संदेश का वाचन भी किया गया। इस अवसर में प्राचार्य रजनी मिंज ने वंदे मातरम् के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे स्वतंत्रता संग्राम के दौरान राष्ट्र को एकजुट करने वाला प्रेरणास्त्रोत बताया। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों के निर्वहन और देश की एकता एवं अखंडता बनाए रखने का आह्वान किया।

प्रबंधन समिति अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर ने वंदे मातरम् के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह गीत स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशवासियों के लिए प्रेरणा और एकता का प्रतीक रहा है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र प्रेम, अनुशासन एवं देश के प्रति अपने कर्तव्यों का इमानदारी से निर्वहन करने को प्रेरित किया।

नगर पंचायत खरोरा उपाध्यक्ष सुमित कुमार सेन ने वंदे मातरम् पर युवाओं से देश के प्रति कर्तव्यों के पालन एवं राष्ट्र की एकता-अखंडता को बनाए रखने के लिए आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का सस्वर गान किया गया, जिससे पूरा वातावरण राष्ट्र प्रेम से ओत-प्रोत हो गया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य रजनी मिंज, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर, नगर पंचायत खरोरा उपाध्यक्ष सुमित कुमार सेन, वरिष्ठ व्याख्याता शाहिना परवीन, सदस्य यज्ञदत्त शर्मा, संजीव देवांगन, रश्मि वर्मा, संगीता नायक, रीतारानी वर्मा, रजनी त्रिपाठी, चमेली ठाकुर, जयंती साहू, अल्का मिंज, श्वेता शर्मा, तान्या भट्टाचार्य, मोंगरा साहू, नीतू यादव, प्रिया संघवी, बिजेश्वरी महिलांगे, जगदेव सिंह बंजारे, गीतांजली पान, रुपशिखा साहू, निशिता दीक्षित सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### वंदे मातरम् जयंती पर माध्यमिक स्कूल में गूंजा देशभक्ति गीत

**खरोरा।** शासकीय माध्यमिक शाला छड़िया में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की 150वीं जयंती पर विशेष वंदे मातरम् गान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर देशभक्ति के भाव से ओतप्रोत रहा। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा द्वारा वंदे मातरम् के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय महत्व पर प्रकाश डाला गया।



उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि मातृभूमि के प्रति समर्पण, त्याग और राष्ट्रभक्ति की भावना का प्रतीक है। यह गीत स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशवासियों के लिए प्रेरणा स्रोत रहा है और आज भी हमें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का स्मरण कराता है। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की ओर से सरपंच प्रतिनिधि सरिता उगेन्द्र देवांगन, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नकुल वर्मा, पंच केशव राम वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही विद्यालय के शिक्षकगण संगम कुमार मन्नाडे, भारती तांती एवं मानसी की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम् गान कर राष्ट्र प्रेम और एकता का संदेश दिया। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने का प्रयास किया गया।

### वंदे मातरम् गीत ही नहीं भारत की आत्मा हैं

**खरोरा।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150वीं वर्षगांठ एवं सेना दिवस पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के प्रयास से रायपुर लोकसभा क्षेत्र के लगभग 3 हजार स्कूल कालेजों में 5 लाख से भी अधिक छात्र-छात्राओं द्वारा एक साथ वंदे मातरम् का गायन किया। इस दौरान खरोरा के स्व. रामप्रसाद देवांगन शासकीय महाविद्यालय में भी वंदे मातरम् गायन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कालेज की प्रिंसिपल शंपा चौबे ने कहा की वंदे मातरम एक गीत ही नहीं इस देश की आत्मा हैं। इस गीत को गाकर हमारे देश को आजाद कराने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी फांसी पर झूल गये। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि विकास ठाकुर ने कहां की स्वतंत्रता संग्राम में वंदे मातरम की ऐतिहासिक भूमिका रही हैं। हमारे देश की सांस्कृतिक विरासत वंदे मातरम् को सम्मानित करने का सबसे आसान तरीका है कि हम हर रोज वंदे मातरम् का गान कर देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी का पुरी निष्ठा से निर्वहन करें। उन्होंने कालेज के छात्र-छात्राओं को पुरी लगन से पढ़ाई करने, हर रोज कॉलेज आने का आह्वान किया। इस दौरान प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता सोनी, प्रिंसिपल चंपा चौबे, सांसद प्रतिनिधि विकास ठाकुर, पार्षद तामेश्वर मरकाम, पंचराम यादव, जयप्रकाश वर्मा, शेखर देवांगन, रामेश्वर ध्रुव आदित्य सिंह राजपूत आदि लोगों सहित कॉलेज स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## सशिमं में वंदे मातरम् की वर्षगांठ मनी

**खरोरा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में वंदे मातरम गायन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, मातृभूमि के प्रति सम्मान और सांस्कृतिक चेतना का विकास करना रहा। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों, काव्य पाठ एवं प्रेरक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त किया। विद्यालय परिसर वंदे मातरम के उद्घोष और देशभक्ति के रंग में सराबोर हो गया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय गीत के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रेरक उद्बोधन भी दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने वंदे मातरम के संदेश को आत्मसात करने तथा राष्ट्र सेवा के प्रति सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया। आयोजन ने सभी में देश के प्रति गर्व, सम्मान और एकता की भावना को और सुदृढ़ किया।



## हिंदू सम्मेलन में एकजुट होने का किया आव्हान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन



हिंदू सम्मेलन का आयोजन मंगलवार को ग्राम पंचायत हरदी मंडल के ग्राम खैरा में हुआ। इसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में एकता, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक समरसता को मजबूत करना था।

कार्यक्रम का संचालन केशव मिश्रा ब्लाक अध्यक्ष लवन ने किया। सम्मेलन के मुख्य वक्ता विवेकानंद संघ के विभाग प्रचारक बलौदाबाजार रहे। उन्होंने कहा कि मुगलों और अंग्रेजों के आक्रमणों के बावजूद सनातन संस्कृति समाप्त नहीं हुई। मुख्य वक्ता ने संयुक्त परिवार व्यवस्था को भारतीय पहचान बताया। परिवारों के छोटे होने से रिश्तों में दूरी बढ़ रही है। उन्होंने समाज से जाति, क्षेत्र और भाषा के भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुट होने का आह्वान किया।

उन्होंने यह भी कहा कि भारत का अस्तित्व गाय, गंगा और गीता से जुड़ा है। भारतीय संस्कृति और परंपराओं की रक्षा के लिए संगठन की भूमिका अति आवश्यक है। गौ सेवा आयोग के ब्लाक अध्यक्ष केशव मिश्रा ने राष्ट्र को संगठित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों और छुआछूत जैसी बुराइयों को समाप्त करने पर जोर दिया। इस सम्मेलन में प्रमुख रूप से गौ सेवा आयोग के जिला सदस्य डॉ मोहन यादव,सामाजिक कार्यकर्ता कमलेश वर्मा, भूपेंद्र सिंग पैकरा, सुरेन्द्र वर्मा, हुमेष वर्मा, उमेश वर्मा, इंदल वर्मा, सोनू वर्मा, सुखनंदन धीवर, नीनी शर्मा, नीरज यादव, रमेश यादव, मनीष प्रजापति, भूषण पैकरा, हेमू पैकरा, शिवा धीवर एवं मातृ शक्ति आदि मौजूद थे।

## नगर पहुंचे युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष

हरिभमि न्यूज ▶▶| कसडोल



नगर में भाजपा युवा मोर्चा मंडल के नेतृत्व में नवनियुक्त युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रणम्य पांडेय के प्रथम आगमन पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर परिचयात्मक सम्मेलन हुआ, जिसमें जिलाध्यक्ष ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती, अनुशासन एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर मार्गदर्शन प्रदान किया। इसके साथ ही उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने, संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने एवं एकजुट होकर पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। साथ ही युवाओं की सक्रिय भागीदारी और आगामी रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रदेश युवा मंत्री मोरध्वज पैकरा, भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष व नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीरज परगनिहा, जिला युवा मोर्चा महामंत्री अंजय श्रीवास, मंडल अध्यक्ष सुदीप मानिकपुरी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मंडल महामंत्री अनिल श्रीवास एवं रामचंद्र ध्रुव, कटगी मंडल महामंत्री अटल संतराम साहू, जिला कोषाध्यक्ष गणेश शंकर साहू, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष रेशम वर्मा, सभापति अजय साहू, युवा मोर्चा महामंत्री समारू कैवर्त्य सहित, प्रदीप पाठक, शनि यादव, अजय श्रीवास, निखिल श्रीवास तथा कसडोल व कटगी मंडल के समस्त वरिष्ठ पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चा–प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं युवा मोर्चा के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आभास को मिला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान

**सरायपाली।** एकेएस ग्लोबल एजुकेशन अवार्ड समारोह दुबई में प्रतिभा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट सरायपाली के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ आभास अग्रवाल को एकेएस ग्लोबल एजुकेशन अवार्ड समारोह में एजुकेशन के क्षेत्र में ग्रामीण स्तर पर काम करने के लिए ईडीयू लीडर के अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उसके विगत 15 वर्ष से शिक्षा के क्षेत्र में उसके काम के लिए उनको एक भव्य समारोह में दुबई में दिया गया। इस समारोह में 25 से ज्यादा देशों जैसे पोलैंड, तुर्की, जॉर्जिया, स्पेन, मिस्र, कतर, क्रोएशिया आदि देशों के लोगों को उनके देश में शिक्षा के क्षेत्र में काम करने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ आभास ने कहा कि यह सम्मान सामुदायिक प्रयासों का प्रतिफल है। प्रतिभा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट से जुड़े हर व्यक्ति का है। साथ ही शुभचिंतकों तथा उनके परिवार के सपोर्ट का नतीजा है। इस अवसर पर प्रतिभा एजुकेशन ग्रुप के अध्यक्ष नरेश चंद्र अग्रवाल, सचिव महेश अग्रवाल ने डॉ आभास अग्रवाल के साथ प्रतिभा ग्रुप के शिक्षा मिशन में सहयोगी को साधुवाद दिया है। कोषाध्यक्ष अवधेश अग्रवाल ने कहा कि सराईपाली में शिक्षा के लिए उपलब्धि ही नहीं क्षेत्र के लिए गौरव भी है। प्रतिभा ग्रुप इसी तरह ग्रामीण शिक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करता रहेगा।

### क्षेत्र के प्रसिद्ध बावनकेरा का उर्सपाक 6 एवं 7 फरवरी को

**महासमुंद।** प्रदेश सहित क्षेत्र में प्रसिद्ध बावनकेरा का 68वां उर्स पाक धूमधाम से 6 एवं 7 फरवरी को मनाये जाने के लिए उर्स कमेटी मुस्लिम जमात एवं ग्राम प्रमुखों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई है। वर्षों से हिंदू-मुस्लिम एकता के लिए प्रसिद्ध बावनकेरा उर्स पाक में प्रदेश के कोने-कोने सहित देशभर के श्रद्धालुओं का आगमन होता रहा है। इस वर्ष यह आयोजन 6 एवं 7 फरवरी को होने जा रहा है। तत्संबंध में रंगरोगन साफ सफाई, मेला स्थल में दुकान आबंटन प्रकाश व्यवस्था, भोजन एवं आवास, पार्किंग के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही है एवं जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों को आमंत्रित किया जा रहा है। संपूर्ण तैयारियों के लिए उर्स कमेटी अध्यक्ष मो. आबिद खान, मुतवल्ली मो. जमील खान, तामीर कमेटी सदर, मो.अलीम अशरफी द्वारा आवश्यक बैठक ली जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आपसी भाईचारा एवं सौहार्द के साथ उर्स पाक संपन्न हो। इसके लिए बैठकों का दौर जारी है। बावनकेरा आपसी सौहार्द एवं एकता का प्रतीक रहा है। तैयारी बैठक में प्रमुख रुप से मो. करीम खान, जमील, सलीम, हनीफ, पीर मोहम्मद, अनीश खान, ईस्माईल, जाफर सादिक, गुलजार खान, हन इब्राहीम, रहीम खान, शकील खान सहित समस्त सदस्यगण उर्स की भव्यता के लिए जुट चुके हैं।

### ग्रीन केयर ने किया पं गजानंद दुबे के दशगात्र में पौधा भेंट

**बागबाहरा।** खुशी हो या ग़म,पौधा लगाएं हरियाली बढ़ाएं हम। इस हृदय स्पर्शी भावनात्मक नारे के साथ पौधरोपण एवं पर्यावरण संदेश ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया द्वारा निरंतर दिया जा रहा है। जन्म, विवाह, स्मृति, पर्व, त्योहार हर अवसर पर पौधारोपण कर हरियाली बढ़ाने प्रकृति संवारने का संदेश देने की कड़ी में ग्रीन केयर सोसायटी इंडिया के अध्यक्ष डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही के मार्गदर्शन में संस्था के वरिष्ठ पंडित भागीरथी दुबे एवं पंडित कैलाश दुबे ने ग्राम सोरमसिंघी पहुंचकर दिवंगत पंडित गजानंद दुबे के दशगात्र कार्यक्रम में फलदार पौधा भेंट किया। स्व. पंडित गजानंद दुबे के परिवारजनों, वीरेंद्र दुबे, पार्थ दुबे, सुरेंद्र दुबे, चंद्रकांत दुबे, फेकन बाई दुबे, डालिमा दुबे को पौधा प्रदान करते हुए पंडित भागीरथी दुबे ने कहा कि पौधे को रोपित कर इसे बड़ा करें। हरियाली बढ़ेगी एवं स्वर्गीय पंडित गजानंद दुबे की स्मृतियां सदा आप सभी परिजनों के साथ रहेंगी। इस अवसर पर कार्यक्रम में आए तोरण ध्रुव, अतिथियों एवं ग्रामवासियों ने इस अभियान की सराहना की।



**हितग्राही मूलक कार्यों को प्राथमिकता देने के दिए निर्देश**

## कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



कलेक्टर दीपक सोनी ने संपर्क केंद्र के माध्यम से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास कार्यों और विभागीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक के दौरान उन्होंने विशेष रूप से पीएम विकसित भारत रोजगार योजना की प्रगति पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप हितग्राही मूलक कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण कराएं ताकि पात्र व्यक्तियों को समय पर लाभ मिल सके। उन्होंने कार्यों में तकनीकी पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सिक्योर सॉफ्टवेयर में अनिवार्य रूप से शत-प्रतिशत प्रविष्टि करने के कड़े निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जल संसाधनों के संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि जिले में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के कार्यों को आवश्यक रूप से प्राथमिकता दी जाए और इन्हें गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। मैदानी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि सभी रोजगार सहायक अपने कार्यों को पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

वी बी-ज़ी राम ज़ी अंतर्गत पंचायतों में रोजगार सृजन एवं अधिक से अधिक श्रमिकों को रोजगार दिलाने के निर्देश दिये। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल, सभी जनपदों के सीईओ, परियोजना अधिकारी, एपीओ नरेगा सहित समस्त ग्राम पंचायतों के रोजगार सहायक जुड़े थे।

### पेज 7 के शेष

#### पिपराही में हुआ...

उन्होंने हिन्दू सहोदर सर्वे के मंत्र के साथ समानता का संदेश दिया। गांव के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संचालन रघुनंदन बघमार व धनेश्वर वर्मा ने किया। अंत में सरपंच महेश्वरी वर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमिला वर्मा, दिलीप खुंटे, संयोजक नीरज परगनिहा सहित भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

#### कलेक्टर ने वीडियो...

सहायक सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पात्र हितग्राहियों को समय पर आवास उपलब्ध कराने हेतु कार्यों में तेजी लाई जाए। युक्त धारा योजना पर विशेष फोकस साथ ही बैठक में युक्तधारा योजना के अंतर्गत तैयार किए गए योजनाओं की समीक्षा करते हुए अभिसरण के माध्यम से टिकाऊ एवं दीर्घकालिक परिसंपत्तियों के निर्माण पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी योजनाओं में पारदर्शिता एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। फील्ड स्तर पर सतत निगरानी रखी जाए निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति हेतु विभागीय समन्वय के साथ कार्य किया जाए। बैठक का मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुँचाना एवं ग्रामीण विकास को गति प्रदान करना रहा।




संकलनकर्ता : संजीव तिवारी, राजीव तिवारी (संवाददाता) हरिभूमि भाटापारा, मो. 9827166722, 9926291392




सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
09 जनवरी 2026
SHOW TIME
द राजा साब
शो समय - 12:00, 3:00, 6:30, 9:00 PM
धुरंधर
शो समय - 03:30 PM
धनेश के आराधना (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### रिहान का राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में चयन

**भटगांव।** नगर पंचायत भटगांव के लोटस पब्लिक स्कूल के 8वीं के छात्र व वार्ड 9 भटगांव निवासी रिहान खान पिता अब्बू खान का राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में चयन हुआ। रिहान ने जोन स्तरीय अंडर 14 ड्यूस बॉल प्रतियोगिता बिलासपुर में संपन्न हुआ, जिसमें अच्छा प्रदर्शन कर संभागीय स्तरीय प्रतियोगिता अंबिकापुर में बिलासपुर संभाग का प्रतिनिधित्व कर फाइनल विजेता रहा। उनके अच्छे प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में चयन हुआ है, जो 18 जनवरी से राजस्थान में होगी। रिहान खान के चयन पर लक्ष्मी साहू एवं लक्ष्मीकांत सोनी, मोहम्मद नसीर अहमद, बाबा खान, केपी पटेल एवं वार्डवासियों ने बधाई दी।



## निधन

### शंभू साहू

**मुंडा।** ग्राम पंचायत मुंडा निवासी शंभू साहू 35 वर्ष का निधन 15 जनवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के टेढ़ी तालाब में शाम को किया गया। वे स्वर्गीय अघनू साहू विजिया बाई एवं ममता साहू के पति थे। उनके निधन पर परिवार कमलेश रजक बलभद्र साहू, धनेश साहू, गोपाल साहू, आनंदी साहू, परमेश्वर डॉ. हरि साहू, पोखर साहू, चंद्र विष्णु वर्मा, जितेंद्र वर्मा, आलोक पांडे, राजेंद्र प्रसाद पांडे, दिनेश पांडे, कुश पांडे, भूरवा वर्मा, सूमेर वर्मा, सोनू वर्मा सहित गांव के लोगों ने शोक व्यक्त किया।



### शांति पटेल

**पनगांव।** गांव के प्रतिष्ठित डॉ. गीत राम पटेल की पत्नी और निर्मल पटेल की मां शांति पटेल का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। अंतेष्टि में बड़ी संख्या में शोक संतप्त परिवार और आसपास गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।



## पहल : 25 गांवों की महिलाओं ने लिया संकल्प

# तुरतुरिया पर्यटन स्थल होगा पॉलीथिन और गंदगी मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के कसडोल में स्थित पर्यटन स्थल तुरतुरिया को पॉलीथिन मुक्त एवं गंदगी मुक्त करने आसपास के पांच गांव के 25 महिला-पुरुषों ने संकल्प लेकर कार्य करना प्रारंभ कर दिया है। पहाड़ा वाली पुत्र दायिनी मां काली की मंदिर में दूर-दूर से प्रतिदिन हजारों की संख्या में पर्यटक आते हैं। तुरतुरिया की काली माई पुत्रदायिनी के रूप में प्रसिद्ध है, जिनको संतान की प्राप्ति नहीं होती वे यहां मन्नत मांगने दर्शन के लिए आते हैं और संतान प्राप्ति के बाद पुनः दर्शन करते हैं।

इस समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम गिरी गोस्वामी ने बताया कि अभी मेला के बाद तुरतुरिया के 2 किलोमीटर के रेडियस में पूरा गंदगी ही गंदगी फैली थी, इसकी सफाई हमारे समिति के सदस्यों द्वारा की गई है। सभी कचरे एवं पालीथिन को एकत्रित कर जलाया गया। प्रतिदिन झाड़ू लगाकर सफाई कर रहे हैं। वर्तमान में मेला स्थल में जितनी भी दुकानें है, वहां जाकर पॉलीथिन का उपयोग न करने का निवेदन किए है। अब तुरतुरिया पहले की तरह नहीं बल्कि साफ लगने लगा है।





### ग्रामीणों और वन विभाग का सहयोग

समिति की महिलाओं ने बताया कि समिति को वन विभाग द्वारा पूर्ण सहयोग करते हुए तुरतुरिया के विकास में प्रोत्साहित कर रहे हैं। हमारे समिति को चक्र निधि से 5 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। अभी वन विभाग ने कूड़ा दान बांस का बना हुआ दिए है, लेकिन उसमें कचरे को जलाते नहीं बनता, इसलिए ईंट का बना 10 कूड़ादान बन जाए तो प्रतिदिन कचरे को जलाते बन जाएगा। तुरतुरिया में पर्यटकों के बीच आए दिन विवाद एवं झगड़े होते रहता है। इसी को ध्यान में रखते शासन ने यहां चौकी का शुभारंभ किया है, लेकिन एक भी पुलिसकर्मी नहीं रहते, यह दुख की बात है यह नियमित पुलिस रहे ऐसी हमारी मांग है।

### स्वच्छता के लिए महिलाओं की अहम भूमिक

तुरतुरिया का प्राकृतिक सौंदर्य एवं रमणीय स्थान है। चारों ओर पहाड़ी से घिरा हुआ है। पहाड़ के बीच से बालम देही नदी प्रवाहित होती है। यहां प्रतिवर्ष पौष पूर्णिमा में तीन दिवसीय मेला भरता है, जिसमें लाखों की संख्या में लोग आते हैं। छोटा मेला तो प्रतिदिन रहता है। यहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में पर्यटक आते हैं, जिससे गंदगी भी बहुत होती है। इसी गंदगी को देखकर तुरतुरिया के आसपास के पांच गांव ठाकुरदिया, पैरागुडा, खुडमुड़ी, बफ़रा, भिभौरी के 25 महिला पुरुषों ने एक बैठक लेकर काली माई के इस पवित्र भूमि को साफ सुथरा रखने का निर्णय लेते हुए एक वन विभाग के सहयोग से संयुक्त वन प्रबंधन एवं पर्यटन समिति बनाए और साफ सफाई के क्षेत्र में अपना कार्य प्रारंभ कर दिए।

# बलौदाबाजार जिले में कांग्रेस ने ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं व एआईसीसी के पदाधिकारियों से विचार-विमर्श एवं उदयपुर नव संकल्प घोषणा को ध्यान में रखते हुए संगठन को सशक्त करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न शहर एवं ब्लॉक इकाइयों में अध्यक्ष पदों पर नई नियुक्तियां की हैं। पार्टी नेतृत्व द्वारा जारी सूची के अनुसार जिले के सभी प्रमुख ब्लॉकों में अनुभवी व सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ताओं को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। एआईसीसी के जनरल सेक्रेटरी एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट द्वारा जारी अधिसूचना में बलौदाबाजार जिले के लिए नियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों की सूची जारी की गई है।





जारी सूची के अनुसार बलौदाबाजार ग्रामीण से दीपक साहू, बलौदाबाजार शहर से प्रवीण सेन, कसडोल से दया राम वर्मा, भाटापारा ग्रामीण से अमर मं डा वी , भाटापारा नगर से दिवाकर मिश्रा, पलारी से रविदास बंजारे, सिमगा से हरमीत सिंह भाटिया, सुहेला से भानु वर्मा, लवन से गुरुदयाल यादव तथा सोनाखान से युधिष्ठिर नायक को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त शहर एवं ब्लॉक अध्यक्षों को दायित्व सौंपे जाने के बाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी, विद्याभूषण शुक्ला, प्रदेश प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश यदु, परमेश्वर यदु, पूर्व जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, तुलसी वर्मा, कालेंद्री वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम गिरी, पूर्व शहर ब्लॉक अध्यक्ष श्रुपेश ठाकुर, वरिष्ठ नेता अनिल साहू, राजा तिवारी, लखेश साहू, सुरेंद्र जायसवाल, विक्रम पटेल, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र बंजारे, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष सूर्यकांत वर्मा, अभिषेक पटेल, गोल्डी मारिया, सलमान शेख, नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार के नेता प्रतिपक्ष दिलीप सोनी, संजू सिंह, परमेश्वरी साहू सहित सभी कांग्रेस पार्षदों, महिला कांग्रेस एवं सेवादल के पदाधिकारियों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। कांग्रेस नेताओं ने विश्वास जताया कि नवनियुक्त पदाधिकारी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करते हुए पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

### अंडर-14 सीजी टीम में चयनित हुए आदि

**महासमुंद।** जिला क्रिकेट संघ के अंडर-14 वर्ग के विकेटकीपर-बल्लेबाज आदि पटेल का चयन छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ की टीम में राज सिंह डूंगरपुर ट्रॉफी के लिए हुआ है। आदि ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया है। आदि पटेल के चयन से पूरा जिला और जिलेभर के खिलाड़ी गौरवान्वित हैं।



# मनरेगा निर्मित कुएं से किसान कार्तिक राम बना आत्मनिर्भरता



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

लवन तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत कसियारा निवासी किसान कार्तिकराम पटेल मनरेगा के तहत अपने खेत में कुंआ निर्माण कराया। सिंचाई की सुविधा होने से धान के अलावा सब्जी की खेती की, जिससे आय बढ़ी और आज आर्थिक रूप से सशक्त हुआ। कार्तिक राम की आर्थिक स्थिति पहले अत्यंत दयनीय थी। खेती के लिए पर्याप्त साधन न होने के कारण वे बेरोजगार थे और परिवार की दैनिक जरूरतों को पूरा करना उनके लिए एक बड़ी चुनौती बन गया था। इस कठिन समय में उन्हें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के बारे में जानकारी मिली।

- अब अपनी खेती में ले रहा दोहरी फसल, सब्जी-भाजी भी लगा रहा

उन्होंने अपनी निजी भूमि पर कुंआ निर्माण के लिए ग्राम पंचायत में आवेदन किया। तकनीकी सहायक द्वारा स्थल निरीक्षण और आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद, उनकी निजी भूमि पर कुंआ निर्माण कार्य को स्वीकृति मिली। इस कुंआ निर्माण परियोजना ने कार्तिक राम के जीवन में एक क्रांतिकारी बदलाव लाया है। सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होने से उन्होंने अपनी बाड़ी में सब्जी उत्पादन शुरू कर दिया है, जिससे उन्हें न केवल घर के लिए ताजी सब्जियां मिल रही हैं, बल्कि वे इन्हें बेचकर अच्छा लाभ भी कमा रहे हैं। जो व्यक्ति कभी काम की तलाश में भटकता था, आज वह स्वरोजगार के माध्यम से अपनी आजीविका चला रहा है। इस कार्य से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है और परिवार के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आया है। आज कार्तिक राम पटेल ग्रामीण विकास और आत्मनिर्भरता का एक सशक्त उदाहरण बनकर उभरे हैं, जिन्होंने मनरेगा के माध्यम से अपनी बंजर भूमि को फिर से हरा-भरा कर दिया है। अब यह योजना विकसित भारत जी राम जी में परिवर्तित हो रहा है। कार्तिकराम और उनके पूरे परिवार ने आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है।

# 6 लाख में बनेगा सामुदायिक भवन, भूमिपूजन हुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

नगर पंचायत के वार्ड 13 में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन नगर पंचायत अध्यक्ष शिवमंगल सिंह चौहान ने विधि विधान से किया। पंचायत अध्यक्ष शिवमंगल सिंह ने बताया कि नगर पंचायत की वार्ड 13 में अब तक कोई सामुदायिक भवन नहीं बना है, जिससे वार्डवासियों को छोटे मोटे कार्यक्रम करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। 6 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमि पूजन नगर उपाध्यक्ष नरेंद्र साहू, वार्ड पार्षद संतोष घृतलहरे, हर प्रसाद बार्वे, ओमप्रकाश साहू, भावेश तिवारी, महेश कुर्रे सहित वार्डवासियों की उपस्थिति किया गया।

# बाघ आंकलन के लिए वन विकास निगम ने कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य में अखिल भारतीय बाघ आंकलन के क्रियान्वयन हेतु वन विकास निगम के अधिकारियों एवं मैदानी कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में आधुनिक तकनीक सेलैस ऐप के माध्यम से डेटा संग्रहण और मॉनिटरिंग को पुख्ता करने की जानकारी दी। कार्यशाला के दौरान वन्यजीव विशेषज्ञों और प्रशिक्षकों द्वारा निगम के कर्मचारियों को ऐप के तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। सैद्धांतिक चर्चा के पश्चात, अधिकारियों और कर्मचारियों को फील्ड (मैदानी क्षेत्र) में ले जाकर ऐप का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रशिक्षण के दौरान स्पष्ट किया कि आगामी बाघ आकलन के लिए डेटा की शुद्धता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि तकनीकी रूप से सक्षम होने से न केवल डेटा पारदर्शी होगा, बल्कि वन्यजीवों के संरक्षण में भी मदद मिलेगी। फील्ड ट्रेनिंग के दौरान कर्मचारियों की शंकाओं का समाधान किया गया और उन्हें योजनाबद्ध तरीके से गणना कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। अखिल भारतीय बाघ आकलन का यह कार्य वर्तमान में पूरे प्रदेश में वृहद स्तर पर संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में वन्यजीव क्षेत्रों के साथ-साथ प्रदेश के विभिन्न वनमण्डलों में भी इस महत्वपूर्ण कार्य को प्रभावी ढंग से संपादित किया जाना है।



# केसरी वॉरियर्स ने जीती क्रिकेट स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

केसरवानी प्रीमियर लीग क्रिकेट का समापन गत दिवस एक फाइनल मुकाबले के साथ हुआ। फाइनल मैच केसरी लायंस एवं केसरी वॉरियर्स के बीच हुआ, जिसमें केसरी वॉरियर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए केसरी लायंस को बड़े रन अंतर से पराजित कर खिताब अपने नाम किया।

केसरी वॉरियर्स की कप्तानी जितेन्द्र केसरवानी ने की। उनकी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए एक बड़ा स्कोर खड़ा किया। टीम के धाकड़ बल्लेबाज आयुष केसरवानी ने धुआंधार बल्लेबाजी कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। उनके अलावा समर्थ, अव्यक्त, कृष, विदित एवं रवि प्रकाश का योगदान भी सराहनीय रहा। फाइनल मुकाबले में मैन ऑफ द मैच तथा पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार आयुष केसरवानी को प्रदान किया गया। इस अवसर पर समाज के संरक्षक गणों द्वारा तरुण सभा को सहयोग राशि भेंट की गई। जिसमें विजय केसरवानी द्वारा 2100, जागेश्वर प्रसाद केसरवानी 1100, हेमचंद केसरवानी 1100 व महेश केसरवानी द्वारा 1100 रुपये की सहयोग राशि प्रदान की गई। तरुण सभा ने समस्त संरक्षकगणों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के सहयोग की अपेक्षा जताई।





### इनका रहा योगदान

कार्यक्रम में समाज के संरक्षक विजय केसरवानी, नरेश केसरवानी, हेमचंद केसरवानी, श्याम सुंदर केसरवानी, ओमप्रकाश केसरवानी, विजय (राजू), सपन केसरवानी, नगर सभा अध्यक्ष राजनारायण केसरवानी, महामंत्री विकास केसरवानी, कोषाध्यक्ष नितेश केसरवानी, महिला सभा संरक्षक सुमित्रा केसरवानी, महिला सभा अध्यक्ष दीप्ति दिलीप केसरवानी, भावना नितेश, पिंकी विकास सहित बड़ी संख्या में केसरवानी समाज के सदस्य उपस्थित थे। पूरे आयोजन की जिम्मेदारी तरुण सभा द्वारा निभाई जा रही है, जिसमें अध्यक्ष आशीष केसरवानी, महामंत्री विकास केसरवानी सहित अपूर्व, संकेत, रजनीश, राजा, अरविंद, विदित, अक्षत, राजकुमार, रत्नेश, अभिषेक, राज, अनुज, संचित, अनंत, स्वप्निल, फंकू, विशाल, मयंक, रिन्नू, तनु और मनु केसरवानी का विशेष योगदान रहा।




